तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

12 बच्चों ने खुद बनाई राखियां, मनाया राखी उत्सव

14 एबीवीपी ने पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ ...




# आंखों की रौशनी लौटाने के नाम पर धर्मांतरण के आरोप, विहिप-बजरंग दल ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम नयापारा डमरू जिला बलौदाबाजार में एक महिला के घर आयोजित धार्मिक प्रार्थना सभा को ग्रामीणों एवं विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने रोक दिया। आरोप है कि यह सभा बीमारी के इलाज के नाम पर धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से की जा रही थी।जानकारी के अनुसार, ग्राम नयापारा डमरू में चंपाबाई पिता स्व. श्यामलाल देवदास के घर पर ग्राम कोरदा, थाना लवन निवासी एक व्यक्ति के द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। ग्रामीणों को सूचना मिलने पर विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम रोकने की कार्रवाई की। इस दौरान चंपाबाई के घर से पूर्व में हटाए गए तुलसी पौधे को विधिवत पूजा-पाठ के बाद पुनः स्थापित किया गया तथा पूरे घर में रामनाम लेखन और रक्षासूत्र बांधने का कार्यक्रम भी हुआ।

**घर में दोबारा हुई पूजा-पाठ**

**कानूनी पक्षः** धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले छत्तीसगढ़ धर्मस्वातंत्र्य अधिनियम, 1968 (संशोधित) के अंतर्गत आते हैं, जिसके तहत बलपूर्वक, प्रलोभन या कपट से धर्म परिवर्तन कराना दंडनीय अपराध है। संबंधित पक्षों के कथन और साक्ष्यों के आधार पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद महिला ने वापस अपनाया सनातन धर्म



### आंखों की रौशनी नहीं लौटी, हुई पूर्ण दृष्टिहीन

चंपाबाई ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व, रिश्तेदार के घर रहने के दौरान ग्राम कोरदा निवासी इसी व्यक्ति ने उन्हें कहा था कि ईसा की प्रार्थना करने से उनकी आंखों की रोशनी लौट आएगी। पिता के विरोध के बावजूद उन्होंने घर से अपने देवी-देवताओं की मूर्तियां और तुलसी पौधा बाहर कर दिया, परंतु उनकी आंखों की स्थिति बिगड़ती चली गई और अब वे पूर्ण रूप से दृष्टिहीन हो चुकी हैं। चंपाबाई का कहना है कि अब वे केवल अपने सनातन धर्म के आराध्य को मानेंगी।

### सख्त कानून की मांग

घटना के समय विहिप और बजरंग दल के स्थानीय पदाधिकारी एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे। विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि दो वर्ष पूर्व भी इसी महिला के धर्म परिवर्तन का प्रयास रोका गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीमारी, गरीबी और अशिक्षा का लाभ उठाकर भोले-भाले ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण पर रोक के लिए सख्त कानून लागू करने, पहले से धर्मांतरित लोगों की डिलिस्टिंग करने तथा उन्हें आरक्षण से वंचित करने की पूर्व की घोषणाओं पर शीघ्र अमल किया जाए।

## खबर संक्षेप

### 19 साल से फरार हत्या व बलवे का आरोपी गिरफ्तार



खरोरा | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में स्थायी वारंटी गिरफ्तार किया गया है। मुखबीर से रवेल आडिल के अपने गांव में आने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी खरोरा नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर उक्त वारंटी को पकड़ा गया। जो घटना दिनांक 02/06/2006 विगत 19 वर्षो से हत्या ,हत्या का प्रयास और बलवा के मामले में फरार था जिन्हें विधिवत गिरफ्तार कर स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त स्थायी वारंटी को पकडऩे में थाना खरोरा प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा, प्र.आर.हिरेन्द्र वर्मा, आर.मुकेश चौहान, गजानंद ध्रुवंशी, सुरेन्द्र चौहान का सराहनीय योगदान रहा है।

### कोठे से 29 मवेशियों की हुई चोरी

**सिमगा** | समीपस्थ ग्राम पौंसरी निवासी तुलाराम यादव 60 वर्ष ने थाना में रिपोर्ट लिखाया है कि वह बकरी पालन का काम करता है तथा उनके पास 40 बकरा एवं बकरी है। प्रतिदिन की तरह 5 अगस्त की शाम बकरी चराने के बाद सभी बकरियों को घर के कोठा में रख बाहर से ताला लगा दिया था। रात में 10 बजे बकरियों को देखने के बाद प्रार्थी सो गया। दुसरे दिन 6 अगस्त को सुबह सोकर उठा तो उनके घर के सामने दरवजा बाहर से बंद था खिड़की से बाहर आवाज देने पर उनके भतीजा बहु सुरजा यादव ने दरवाजा खोला। बाहर आकर देखने पर कोठा का दरवाजा में ताला नहीं था। कोठा से 40 बकरियों में 25 बकरी 04 बकरा कुल 29 गायब था आसपास खोजने पर नहीं मिलने से थाना में रिपोर्ट लिखाया है कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी 29 बकरी एवं बकरा अनुमानित राशि 90 हजार रुपये की चोरी कर लिया गया है, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर बीएन एस की धारा 331(4) 305 ए दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

### घर में पूजा के दौरान हुई मोबाइल की चोरी

**महासमुंद**। नगर के नयापारा में पूजा के दौरान मोबाइल चोरी की खबर सामने आई है. प्रार्थी ने बताया कि पूजा के दौरान एक अनजान व्यक्ति आया था, उसी पर चोरी की आशंका जताई जा रही है। तरूण कुमार साहू पिता तामेश्वर प्रसाद साहू निवासी धरम नगर पचपेड़ी नाका रायपुर ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 4 अगस्त को वह अपनी दीदी के यहां मंदिर के पूजा कार्यक्रम में शामिल होने ठेठवार भवन वार्ड क्र. 4 नयापारा महासमुंद गया था।

## पर्व : बच्चों ने अपने हाथों से बनाया गिफ्ट हैम्पर भेंट किया

# कलेक्टर ने मनोविकास केंद्र में बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

### समाज में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का माध्यम है त्योहारः कलेक्टर






रक्षाबंधन के अवसर पर प्रेम, स्नेह और अपनत्व का सुंदर उदाहरण तब देखने को मिला जब कलेक्टर दीपक सोनी शुक्रवार क़ो मंडी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बीच अपनी बेटियों के साथ पहुंचे और रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। उन्होंने केंद्र में उपचाररत बच्चों क़ो खुशियां बांटी।

इस दौरान केंद्र की बालिका पोषिता वर्मा ने कलेक्टर श्री सोनी को राखी बांधी जिस पर कलेक्टर ने बच्ची को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किया हुआ गिफ्ट हैम्पर कलेक्टर को भेंट किया, जिसमें उन्होंने स्वयं मिलेट से बनी कुकीज़ और आकर्षक आकृतियों की मोमबत्तियां शामिल की थीं। ये सभी उत्पाद उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत बनाना सिखाया जा रहा है।

गौरतलब है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन द्वारा मनोविकास केंद्र संचालित किया जा रहा है। यहाँ विशेष शिक्षा, थेरेपी सेवाएँ (फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी), व्यावसायिक प्रशिक्षण (सिलाई, कंप्यूटर साक्षरता, बागवानी), मनोवैज्ञानिक परामर्श और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। साथ ही बच्चों के आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाता है।

कलेक्टर ने बच्चों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह त्योहार केवल भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का माध्यम भी है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने पलारी के जनप्रतिनिधियों को बांधी राखी

पलारी। नगर पंचायत में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू सहित सभी पार्षदों अधिकारी कर्मचारियों को राखी बांधी। रक्षा बंधन के महत्व को बताते हुए कहा कि यह भाई-बहन के पवित्रता और स्नेह का प्रतीक है। भाई बहनों की रक्षा के लिए संकल्प लेता है। रक्षाबंधन पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रेम, पवित्रता और सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने इस विशेष पहल की दिल से सराहना की और ब्रह्माकुमारी बहनों के इस भावनात्मक कार्य के लिए आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, पार्षदगण लेखु वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, डोमार वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत निषाद, घनश्याम धीरहे, पार्षद प्रतिभा धीरहे, राधा भोला वर्मा, खेलन वर्मा, लेखापाल भोजराम साहू, राजस्व निरीक्षक इंद्रजीत ठाकुर, महेंद्र वर्मा, अनमोल शर्मा, महेश्वर साहू, नारायण सेन, पुष्कर पटेल, उमाशंकर टंडन, मिलऊ राम देवांगन, राकेश टंडन, राहुल कौशले, संजय भास्कर, उत्तम मनहरे, आनंद यादव, राहुल वर्मा फागू यादव, लता निषाद, उपस्थित थे।

■ नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू सहित पार्षदों और अधिकारियों ने रक्षा का संकल्प लिया




# दिव्यांग पुरुषोत्तम को 11 साल बाद मिला न्याय

**बलौदाबाजार**। हरिभूमि में प्रकाशित खबर 11 साल से विकलांग पेंशन से वंचित 80% दिव्यांग का असर अब देखने को मिला है। 11 वर्षों से पेंशन से वंचित ग्राम बिनौरी निवासी 80% दिव्यांग पुरुषोत्तम लाल को आखिरकार पेंशन स्वीकृत हो गई।राज्य शासन की मंशानुसार कलेक्टर जनदर्शन लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। विगत मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आ यो जि त कलेक्टर जनदर्शन में पुरुषोत्तम लाल ने अपनी पीड़ा सीधे कलेक्टर दीपक सोनी के सामने रखी।



# आरपीएफ पोस्ट ने चलाया विशेष अभियान अवैध वेंडरों और बिना टिकट यात्रियों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भाटापारा पोस्ट ने वर्ष 2024 में रेलवे एक्ट के तहत 4500 से अधिक मामलों में कड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ पोस्ट के टी.आई. संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि इन कार्रवाइयों में ट्रेनों और स्टेशनों पर अवैध रूप से सामान बेचने वाले वेंडर, रेलवे लाइन पार करने वाले लोग, महिला बोगी में यात्रा करने वाले पुरुष यात्री, चलती ट्रेन में पायदान पर बैठकर सफर करने वाले और चेन पुलिंग करने वाले शामिल हैं।



टी.आई. शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2025 में भी यह अभियान जारी है और अब तक 2000 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भाटापारा आरपीएफ पोस्ट के अंतर्गत उरकुरा रेलवे स्टेशन से दाधापारा तक के पूरे रेलमार्ग और सीमेंट प्लांट की लाइन पर भी लगातार निगरानी रखी जाती है। कार्रवाई के मामले ▶▶ शेष पेज 13 पर

### विशेष अभियान में 18 मामले दर्ज

हाल ही में, 7 अगस्त को पोस्ट के प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला और उनकी टीम द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 18 मामलों में कार्रवाई की गई। इनमें धारा 144, धारा 147, धारा 145, धारा 159, और धारा 167 के तहत केस दर्ज किए गए।

# जिला उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग से प्रकरणों की सुनवाई का हुआ शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार में अब ई-हियरिंग (ऑनलाइन सुनवाई) के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई शुरू हो गई है। इसका वर्चुअल शुभारंभ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने किया। इस डिजिटल पहल से पक्षकार और अधिवक्ता अपने घर से ही मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए सुनवाई में शामिल हो सकेंगे, जिससे समय, ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने किया वर्चुअल शुभारंभ

### उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल ने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एक औद्योगिक क्षेत्र है, जहाँ इस वर्चुअल हियरिंग का लाभ उपभोक्ताओं को निश्चित रूप से प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि अब तक ई-फाइलिंग से प्रकरणों की प्रस्तुति हो रही थी, और अब ई-हियरिंग से सुनवाई की सुविधा ने इस प्रक्रिया को और भी आसान बना दिया है।

### पहले मामले की सुनवाई

उद्घाटन के बाद, केशव वर्मा बनाम मेंगमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मामले की पहली ऑनलाइन सुनवाई की गई। इस सुनवाई में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया की वर्चुअल उपस्थिति में जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत सिंह चावला और शारदा सोनी ने सुनवाई की। परिवादी केशव वर्मा और उनके अधिवक्ता धनंजय साहू ने ऑनलाइन माध्यम से अपना तर्क प्रस्तुत किया।

## एक सभ्य समाज की स्थापना में महिलाओं की भूमिका अमूल्य हैः एसपी

# महिला कमांडो अवैध शराब पर लगाम लगाने के लिए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने और अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए गठित महिला कमांडो के सम्मान और उत्साहवर्धन हेतु नगर भवन बलौदाबाजार में एक जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गाँवों से महिला कमांडो शामिल हुईं।

■ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया सम्मान

पुलिस अधीक्षक श्रीमती गुप्ता ने महिला कमांडो के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एक सभ्य और स्वच्छ समाज की स्थापना में महिलाओं की भूमिका अमूल्य है। उन्होंने कहा कि ये महिलाएं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध मजबूती से खड़ी हैं और आने वाली पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिला कमांडो से सामाजिक कार्यक्रमों में नशा मुक्ति को प्राथमिकता देने की अपील भी की।



**कार्य और सम्मानः** महिला कमांडो गाँवों में अवैध शराब की बिक्री रोकने के साथ-साथ लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही हैं। उनकी सक्रियता से कई शराब तस्करों की धरपकड़ भी संभव हुई है। सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कमांडो को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्हें ग्राम भ्रमण और गश्त के लिए लाठी और विसिल भी प्रदान की गई।

### सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, समाज शिक्षा संगठन और मनोविकास केंद्र के अधिकारियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा क्षत्रिय सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन उप पुलिस अधीक्षक कसडोल कौशल किशोर वासनिक ने किया।

# 12वीं के आधार पर बीए-बीएससी, बीएड में दाखिले, व्यापम ने किया था प्रवेश परीक्षा से इंकार

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में संचालित बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले 12वीं कक्षा के आधार पर होंगे। इस संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रवेश लेने से इनकार किए जाने के बाद जारी किया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मेरिट लिस्ट केवल एक बार ही जारी होगी। अर्थात कई चरणों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के स्थान पर महाविद्यालयों को एक ही चरण में दाखिले देने होंगे। दाखिले की प्रक्रिया एससीईआरटी के स्थान पर महाविद्यालय ही पूर्ण करेंगे। छात्रों को 12वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश देने के बाद उनकी सूची राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को सौंपनी होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में सिर्फ चार ही महाविद्यालय ऐसे हैं, जहां इन पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। वहीं दूसरी ओर, अगले शैक्षणिक सत्र से शिक्षा पाठ्यक्रमों को भी उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत लाने की तैयारी चल रही है।

### प्रदेश में मात्र 250 सीटें

छत्तीसगढ़ में बीए-बीएड की 100 तथा बीएससी बीएड की मात्र 150 सीटें हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद मिलता है। इसके उलट बीएड में प्रवेश के लिए स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई थी। इन प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। हालांकि एससीईआरटी बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल अब तक जारी नहीं कर सका है।




- स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश, केवल एक बार जारी होगी मेरिट लिस्ट
- तय समय पर प्रस्ताव नहीं भेज सका था एससीईआरटी

### इसलिए किया था व्यापम ने मना

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रमों का नाम परिवर्तन किया जाना है। इन्हें अब इंटीग्रेटेड टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम कहा जाएगा। ये पाठ्यक्रम फिलहाल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत है। एससीईआरटी द्वारा इन पाठ्यक्रमों के नाम परिवर्तन पश्चात प्रवेश परीक्षा के लिए व्यापम को खत भेजे जाने की योजना था। एससीईआरटी तय समय सीमा तक नाम ही नहीं बदल सका। अंत में पुराने नाम से ही कोर्स संचालन का निर्णय लिया गया। इसके बाद व्यापम को प्रवेश परीक्षा आयोजित करने प्रस्ताव भेजा गया। चूंकि इसमें अत्यंत विलंब हो चुका था तथा व्यापम द्वारा अन्य प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी थी, इसलिए व्यापम ने प्रवेश परीक्षा लेने से इनकार कर दिया।*

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय भोजली महोत्सव और विश्व आदिवासी दिवस समारोह आज

**रायपुर।** गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिला इकाई द्वारा 9 अगस्त को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में भव्य राष्ट्रीय भोजली महोत्सव और विश्व आदिवासी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर 9 राज्यों से समाज प्रमुख राजधानी में जुटेंगे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकार इस मौके पर रंगारंग लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के प्रांताध्यक्ष चंद्रभान नेताम, कोषाध्यक्ष गौकरण कुंजाम, महासचिव प्रीतम छेदइया ने गुरूवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि श्रावण माह के पूर्णिमा के दिन उत्साह व उमंग के साथ राष्ट्रीय भोजली महोत्सव मनाया जाएगा। इस आयोजन में गोंडवाना गुरूदेव दुर्गे भगत जगत सिदार और गुरुमाता दुर्गे दुलेश्वरी सिदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### 21 पंचायत सचिवों ने प्राथमिक उपचार-सीपीआर का लिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** रायपुर जिले में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने एवं जीवन रक्षक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को 21 पंचायत सचिवों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का विशेष प्रशिक्षण दिया। कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग रायपुर में यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिला शाखा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत आरंग के 21 पंचायत सचिवों ने भाग लिया, जिन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी के सहायक प्रबंधक देवप्रकाश कुर्रे ने सीपीआर की तकनीक, प्राथमिक उपचार के सिद्धांत और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की विधियों का अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षण दिया।

### व्यक्तित्व विकास पर निशुल्क सेमिनार आज

**रायपुर।** यंग मेमन एसोसिएशन और अशरफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश स्पीकिंग की ओर से शनिवार 9 अगस्त को मेमन जमात के सभी बच्चों तथा बड़ों के लिए फ्री डेमो क्लास का मुस्लिम हॉल बैजनाथपारा में आयोजन होने जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष मो. जावेद ईसाणी एवं मीडिया प्रभारी मो. आरिफ वल्याणी की तरफ से जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, कॅरियर ओरिएंटेशन के साथ ही इंग्लिश स्पीकिंग सिखाई जाएगी।

### कैट की बैठक में तीन जिलों के अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत

**रायपुर।** राजधानी के सिविल लाइन स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आगामी दो वर्षो के लिए 3 जिलों के अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत किये गये। कैट तिल्दा, धमतरी और एमसीबी इकाई का गठन इस मौके पर किया गया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि राज्य की विभिन्न जिला इकाइयों के गठन के लिए राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी को अधिकृत किया गया है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कैट की तिल्दा, धमतरी एवं एमसीबी इकाइयों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें तीनों जिलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए।

## आयोजन : जपं सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने की बच्चों की रचनात्मकता की सराहना

# बच्चों ने खुद बनाई राखियां, मनाया राखी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा के शासकीय स्कूल में राखी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे उपस्थित हुए। टोंडे ने स्कूल परिसर में सरस्वती माँ की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने हाथो से राखी बनाया, और घर सजाने के लिए पैर दान, स्कूल बैग, मोबाइल रखने का डिजाइन कवर, मोंजा, जूता, टी शर्ट, शर्ट, पेंट आदि बनाए है। बता दें कि सिमगा ब्लॉक का यह एक ऐसा स्कूल है जहां के बच्चे अपने हाथो से उन के कपड़े के सहारे से विभिन्न प्रकार के डिजाइन भी बनाते है। बच्चों के इस कलाकारी को देखकर मुख्य अतिथि टोंडे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों की सराहना की। साथ ही जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन सहित आसपास के जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल को देखकर बहुत ही ख़ुशी जाहिर की है। इस अवसर पर आशीष शर्मा स्कूल शिक्षिका अर्चना साहू, सुखीराम साहू, शिवकुमारी, मंजू यादव आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

### एबीसी स्कूल में हुई राखी प्रतियोगिता



**खरोरा।** रक्षाबंधन का पर्व पुरातन काल से मनाते आ रहे हैं। इस परंपरा को जीवंत रखते हुए, ए बी सी स्कूल सारागांव में भी भाई बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर कक्षा 3 से 10 वी तक के बच्चों ने अपने कक्षा के लड़कों को परंपरा अनुसार तिलक लगाकर,आरती सजाकर, मिठाई खिलाकर राखी पहनाया, बदले में लडको ने अपनी बहनों को चॉकलेट व अन्य उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन के अवसर में स्कूल स्तर पर राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
जिसमे प्राथमिक विभाग,माध्यमिक विभाग,और उच्च हाई स्कूल विभाग में बच्चों ने राखी तैयार किया। बच्चों ने राखी बनाने के लिए धान, फूल, बीज, व अन्य आकर्षक दिखने वाली सामग्री का प्रयोग करते हुए स्वयं से राखी बनाया। स्कूल के डायरेक्टर, सी ई ओ,प्राचार्य ने बच्चों द्वारा राखी बनाते समय सभी कक्षा में जाकर अवलोकन किया, बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर राखी का निर्माण किया, जिसके लिए बच्चो को बधाई दिए।
**टीबीपी के जवानों को भेंट की राखी:** बच्चों द्वारा बनाई गई राखियो को संग्रहित कर आई टीबीपी के जवानों को पहनाने के लिए कक्षा 9वी, 10वी के बच्चे स्वयं उनके कैंप में जाकर जवानों को राखी भेट किए। यह पल बच्चो के लिए अद्भुत था। जिसमे हमारे देश की सेवा करने वाले जवानों को बच्चों द्वारा निर्मित की गई राखी को पहनाने का अवसर मिला। सभी कार्यक्रम स्कूल के डायरेक्टर, सीईओ और प्राचार्य के मार्गदर्शन से सफल हो पाया।

## जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का सदस्यता अभियान, सिमगा में 65 नए लोग जुड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विप्र भवन सिमगा में गुरुवार को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का सिमगा खंड (ब्लॉक) स्तरीय सदस्यता अभियान संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सिमगा शहर सहित 15 से अधिक गांवों से आए 65 लोगों को सदस्यता पर्ची देकर पार्टी में शामिल किया गया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ महतारी की आरती-वंदना की गई और नए सदस्यों ने अपना परिचय दिया।

पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु ने स्वागत भाषण में लोगों से एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल से जुड़कर 'महतारी सेवा' के लिए आगे आने का आह्वान किया। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रवक्ता चंद्रकांत यदु ने पार्टी गठन के उद्देश्यों और वर्तमान में एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल की आवश्यकता पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग में पंजीकृत यह पार्टी छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का राजनीतिक विंग है और पूरे प्रदेश में इसका सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है।इस अवसर पर सदस्यता लेने वालों में चंदेरी के पूर्व सरपंच विशालदास मानिकपुरी, संतोष धीवर, रामेश्वर देवांगन, खिलावन देवांगन, अश्विनी यादव, लोकनाथ देवांगन, रितेश निषाद, कौशल साहू, संतोष वर्मा, देवानंद मंडावी, खुबीराम साहू, कामता प्रसाद साहु, संतोष साहू, मैना साहू, अन्नपूर्णा देवांगन और लता साहू प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष सनत यदु, नरेश वर्मा, जितेंद्र साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

चंद्रकांत यदु ने वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करने, हसदेव जंगल की कटाई को मंजूरी देने और नए शराब दुकानें खोलने जैसे मुद्दों पर पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों की लगातार उपेक्षा हो रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी इस पर चुप है।

## बीमार गौ माता का हुआ इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत माता सेवा ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा गौ सेवा जन सेवा और प्रकृति सेवा के क्षेत्र में अनेक काम निरंतर किये जा रहे है। इसी के दौरान भरुवाडीह में एक शारीरिक रूप से अस्वस्थ और बीमारी से पीड़ित गौ माता का ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर जी के निर्देशानुसार इलाज कराकर ट्रस्ट के सदस्यों ने एक मिशाल पेश किया है।

एक गाय दो दिन से भरुवाडीह में तिराहे के पास अस्वस्थ थी और तड़प- तड़प कर दाना पानी छोड़ दी थी। ट्रस्ट के सदस्यों का नजर उसमें पड़ी और उन्होंने तत्काल नीरज परगनिहा जी के मदद से पशु चिकित्सक को बुलाया और उनका दवा पानी कर इलाज किया गया, जिससे गौ माता की जान में जान आई, और गौ माता स्वस्थ है और अभी निरंतर ट्रस्ट के निगरानी में है। इस सेवा के कार्य में रिसदा पदस्थ पशु चिकित्सक केशव का सराहनीय योगदान रहा उन्होंने सूचना मिलते ही तुरंत अपने टीम के साथ पशु चिकित्सा विभाग के जांगड़े जी को यथा स्थान रवाना किया और इलाज के कार्य में सफल रहा।

**इनका रहा विशेष योगदान:** डॉक्टर के सहयोग और गौमाता की सेवा में ट्रस्ट के विनोद कुमार कौशिक, केदार सेन, राकेश नायक, थानेश्वर ध्रुव, विनोद घृतलहरे, दिलेश पैकरा, आशीष लहरे, धीरपाल साहू, महेश वर्मा, ललित वर्मा राजेश वर्मा और तुकेश ध्रुव ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## हथबंद स्कूल में गुड टच-बैड टच और करियर गाइडेंस पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब तथा अन्य छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम आयोजन कर थाना हथबंद के टी आई के सी दास द्वारा छात्र-छात्राओं को गुड टच, बैड टच, कैरियर गाइडेंस,नशा मुक्ति के साथ बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने की अपील एवं माता-पिता के सम्मान में मधुर संगीत का गायन किया।

थाना हथबंद के प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा ने यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा छात्र-छात्राओं से यातायात संबंधी प्रश्न पूछे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने थाना हथबंद से आए हुए अतिथियों द्वारा दिए गए नियमों को जीवन में उतारने की अपील की ताकि, भय मुक्त आदर्श समाज का निर्माण किया जा सके। संस्था के प्राचार्य सी के नायक एवं व्याख्याता विपेश कुमार साहू ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शाला परिवार के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### रविवार को परसापाली में होगी भोजली प्रतियोगिता

**मुंडा।** ग्राम पंचायत परसापाली में कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी रविवार को साहडा देव चौक में जय भोले जन सेवा समिति के तत्वाधान में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें 10:00 बजे साहडा देव के पास कार्यक्रम स्थल पर साज समाज के साथ टोकनी सजाकर पहुंच कर अपना नाम दर्ज करना होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलोदा बाजार, विशिष्ट अतिथि प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य धनीराम धिवर, छाया विधायक विधानसभा कसडोल, महेंद्र मोनू साहू, सुलोचना यादव जनपद पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार, शिव वर्मा जनपद सदस्य, भुवनेश्वरी हेमंत यादव सरपंच, योगेश भारद्वाज उप सरपंच परसा पाली होंगे। भोजली प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम 5555 रु व शील्ड दूसरा इनाम 4444 रु व शील्ड तीसरा इनाम 3333 रु व शील्ड चतुर्थ ईनाम 2222 रु व शील्ड व सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## भाजपा लवन मंडल की आवश्यक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



भाजपा की बैठक स्थानीय सिंघम काम्प्लेक्स मे संपन्न हुई बैठक मे प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान के तहत हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा फहराने के साथ तिरंगा यात्रा के सफलतम क्रियान्वयन के संबंध मे बैठक प्रभारी के रूप मे उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य टेसुलाल धुरंधर ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हूए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर टेसुलाल धुरंधर प्रदेश कार्य समिति सदस्य, अनुपम बाजपेयी अध्यक्ष भाजपा मंडल लवन, गिरधारीलाल वर्मा जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, शिव मंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन, नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन, रामलाल कुर्रे मंडल अध्यक्ष लाहोद, विजय यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रशांत यादव जिला महामंत्री युवा मोर्चा, चन्द्रभूषण वर्मा महामंत्री मंडल लवन, कोशले मंत्री मंडल लवन के साथ बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## माताओं को दी गई अहम जानकारी

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर भरूवाडीह में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा




ग्राम पंचायत भरूवाडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के महत्व और फायदे के संदर्भ जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत उपसरपंच भावसिंह जांगड़े की अध्यक्षता में विश्व स्तनपान सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां महिला बाल विकास की सुपरवाइजर निर्मला वर्मा ने गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की माताओं को बताया कि बच्चे के जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध ही बच्चों के लिए सर्वोत्तम पोषण आहार है, यहां ध्यान देने वाली महत्त्वपूर्ण और सार बात यह है कि माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है, जो बच्चे के लिए प्राकृतिक टीका के समान होता है और नवजात बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हुए अनेक बीमारियों से बचाता है। छह माह बाद शिशु को पूरक पोषण आहार के साथ स्तनपान जारी रखना चाहिए जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके, माताओं को भी ताजा और उपयुक्त पोषण आहार लेने और स्तनपान की सही तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता समन्वयक नम्रता साहू, कौशिल्या सोनवानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा देवी वर्मा,रेखा ध्रुव, सहायिका, द्रौपती वर्मा, ग्रामीण महिलाओं में चैती ध्रुव,संगीता यादव, देवती, गुंजा वर्मा, लक्ष्मी यदु, दिलबाई यादव, रूहीबाई यादव, पंचबाई यादव, केसरी साहू, गिरिजा यदु, सीता धुव, सेमिल यादव, अंशु, उर्मिला, जागृति सहित गर्भवती महिलाएं और मातायें उपस्थित रहीं।

## बोल बम कांवड़िया समिति ने की अर्धनारी नटेश्वर की मूर्ति स्थापना



**खरोरा।** ग्राम ईल्दा सावन माह के पावन अवसर पर ग्राम ईल्दा, खरोरा में बोल बम कांवड़िया समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान अर्धनारी नटेश्वर एवं नंदी महाराज जी की सुंदर मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा विधिवत सम्पन्न हुई।

पूजा-अर्चना और प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पंडित सूर्यकांत तिवारी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। पूरे ग्राम में इस आयोजन को लेकर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बोल बम समिति के अध्यक्ष घनश्याम साहू सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य दुलेश्वर साहू, परमानंद साहू, सुखराम धीवर, रामेश्वर धीवर, योगेश साहू, युगल साहू, सुनेश्वर साहू, समय धीवर, फागू साहू, मनोज धीवर, अश्वनी धीवर, राधे साहू, रूपशिंग यादव, रोमलाल साहू, परमानंद धीवर, सुरेंद्र साहू, पारसनाथ कन्नौजे, हेमलाल साहू, दुकल्हा धीवर, बिहारी धीवर एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बरौंडा में हुई पालक शिक्षक मेगा बैठक

**बंगोली ।** शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल बरौंडा में 7 अगस्त को पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। सरपंच नीलू प्रदीप मढरिया के द्वारा मॉ सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा के पश्चात बैठक प्रारंभ किया गया। कुंजन दास कुर्रे प्रधान पाठक द्वारा पांच बिंदुओं पर चर्चा किया गया। पोषण स्वास्थ्य, अकादमिक प्रगति, छात्र दिनचर्या, नियमित विद्यालय आने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। पालक शिक्षक मेगा बैठक से पढ़ाई के प्रति एक सकारात्मक माहौल तैयार करना और इसके साथ ही पालक अपने बच्चों की पढ़ाई की प्रगति के प्रति जागरूक हो सके।

### लवन में लगा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शिविर



**बगबुडा।** बलौदाबाजार जिला के लवन सब डिवीजन में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर लगाया गया, जिसमें अंचल के आमजन सम्मिलित होकर इस योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किये। योजना के बारे में (सहायक अभियंता ) तुषार विश्वास, सूरज कुमार खटकर (जूनियर इंजीनियर) ने उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के फायदे, एवं केन्द्र और राज्य सरकार से मिलने वाले सबसिडी के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सोलर पैनल लगाने में आने वाले खर्च को बैंक फाइनेंस की सुविधा होने के बारे में भी जानकारी दिया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विधुत विभाग के अधिकारी ,कर्मचारी एवम उपभोक्ता गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कामता मंडल के चुनाव में भिखारी गहरे बने अध्यक्ष



**सिमगा ।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी के कामता मंडल का चुनाव आज शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए विधायक इन्द्र साव, प्रभारी कमलेश मिश्रा, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, भाटापारा मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा की गरिमामयी उपस्थित में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ केके नायक ने चुनाव सम्पन्न कराया। कामता चितावर मंदिर परिसर में जोन अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने जोन से कांग्रेस की सफलता के लिए सभी बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्षों का आभार व्यक्त किया।

## पेज 11 के शेष

### जिला उपभोक्ता आयोग...

श्रम और संसाधनों की बचत होगी। न्यायमूर्ति चौरड़िया ने बताया कि ई-हियरिंग सुविधा से जुड़ने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है, जहाँ सभी जिला उपभोक्ता आयोगों में डिजिटल सुनवाई की सुविधा उपलब्ध है। बलौदाबाजार 14वाँ ऐसा उपभोक्ता आयोग है, जहाँ यह सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने इस अभूतपूर्व निर्णय को भविष्य के लिए एक युगांतरकारी कदम बताया और कहा कि राज्य शासन का इसमें भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### आरपीएफ पोस्ट ने ...

में भाटापारा पोस्ट, रायपुर और बिलासपुर आरपीएफ से पीछे नहीं है। आरपीएफ ने अपनी कार्रवाई में अवैध कारोबार पर भी लगाम लगाई है। वर्ष 2024 में 5 लाख से अधिक मूल्य के शराब के तीन मामले और इतने ही मूल्य के गांजा के भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। यह कार्रवाई दर्शाती है कि आरपीएफ न केवल यात्री सुरक्षा, बल्कि अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए भी पूरी तरह से सक्रिय है।

# तिरंगा हमारा गर्व, गौरव और अभिमान है: शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में 'मोर तिरंगा, मोर अभिमान' नामक राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत जनअभियान चलाने जा रही है। इसी कड़ी में, पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक विधानसभा के पांचों मंडलों में संपन्न हुई। भाजपा छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाटापारा नगर एवं ग्रामीण मंडल की बैठक भाजपा कार्यालय में ली, जहाँ इस वृहद आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। शिवरतन शर्मा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आम जनता को ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के पराक्रम से भी अवगत कराया जाएगा, जिससे युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि हमारा गर्व, गौरव और अभिमान है। यह उन असंख्य राष्ट्रभक्तों, सेनानियों और वीर योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।बैठक के दौरान राकेश तिवारी, सुनील यदु, केजूराम बघेल, अश्वनी शर्मा, कृष्णा अवस्थी, पवन वर्मा, योगेश अनंत, मथुरा यदु, चन्द्रमणी तिवारी, नारायण साहू, गोपाल देवांगन, खुमान वर्मा, उमाशंकर वर्मा, छोटू यादव, ठाकुर राम साहू, राजेश पटेल, रोहित वर्मा, राहुल साहू, दिलीप चक्रधारी और आनंद बंजारे सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा ने 'मोर तिरंगा, मोर अभिमान' अभियान की बनाई रणनीति



#### राष्ट्रव्यापी अभियान और मोदी सरकार की योजनाएं

शर्मा ने बताया कि 11 से 15 अगस्त तक चलने वाला यह राष्ट्रव्यापी अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति पर जोर देते हुए कहा कि आज भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, और सैन्य शक्ति से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी क्षमता का लोहा मनवा रहा है। उन्होंने उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और पीएम आवास जैसी योजनाओं का भी जिक्र किया।

## सियासत : 11 से 14 अगस्त तक निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

# भाजपा का 'घर-घर तिरंगा' अभियान जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार शहर एवं ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भाजपा जिला कार्यालय में घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा के प्रभारी एवं अनुसूचित जाति प्रदेश महामंत्री दुर्गा महेश्वर, ग्रामीण मंडल प्रभारी एवं किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव विशेष रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। मुख्य वक्ता टंकराम वर्मा ने बताया कि भाजपा 11 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में राष्ट्रव्यापी तिरंगा यात्रा निकालेगी, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता और देशभक्ति के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं के संसद में दिए गए संबोधनों को भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

प्रभारी दुर्गा महेश्वर ने बताया कि यह तीन महीनों में भाजपा की दूसरी तिरंगा यात्रा होगी। इससे पहले मई माह में ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद 23 मई तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था। वहीं, ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, युद्ध नायकों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा, सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे और स्वतंत्रता संग्राम एवं युद्ध स्मारकों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकालकर बंटवारे के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूर्णतः जनभावना से प्रेरित है, राजनीतिक नहीं। इसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को जोड़कर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति को सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष नीलम सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं में संतोष पटेल, राकेश ध्रुव, रवि वर्मा, संजय श्रीवास, महेंद्र साहू, मुरारी कन्नौजे, विष्णु साहू, अनिल बघेल, रामनाथ सोनी, नेतराम साहू, प्रेमचंद कन्नौजे, सेवकराम साहू, आशाराम वर्मा, जेठूराम यादव, चंद्रिका वर्मा,कुंती यादव, प्रेम साहू, आयुष शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत बगबुड़ा में सामूहिक श्रमदान




बगबुड़ा। हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता,स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत बगबुड़ा में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, एवं स्वच्छता दल के सदस्यों ने मिलकर सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सभी ने ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हर संभव योगदान देने संकल्प लिया। गौरतलब है कि केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस अभियान में स्वच्छ भारत मिशन और जल-जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियाँ होंगी जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां शामिल है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, स्वच्छाग्राही समूह के सदस्य, विकासखंड समन्वयक एवं संकुल समन्वयक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## संस्कृत, संस्कृति व संस्कार से ही सभ्य समाज का निर्माण संभवः डॉ कोमल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि पुरषोत्तम फेकर केसरी वर्मा हेमकुमार साहू लालकुमार यादव मंचस्थ थे।

संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत व्याख्याता डॉ. कोमल वैष्णव ने कहा कि संस्कृत, संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण से ही एक सभ्य समाज का निर्माण संभव है। हिंदी व्याख्याता विजय कुर्रे ने कहा कि संस्कृत एक बहुत प्राचीन भाषा है और इसे सभी विद्यार्थियों को पढ़ना चाहिए। उन्होंने नौवीं से बारहवीं तक संस्कृत को अनिवार्य करने का भी सुझाव दिया।

कार्यक्रम में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य मनोज वर्मा, पीके साहू, रश्मि ठाकुर, अरविंद ध्रुव, ललित वर्मा, रविशंकर साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बया में किया गया मां के नाम पौधारोपण

**बलौदाबाजार।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में गुरुवार को वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बया के प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वनमहोत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार प्रजातियों के कुल 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान स्थिति पर विचार साझा करते हुए वृक्षारोपण जैसे प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एक पेड़ माँ के नाम पहल के माध्यम से वृक्षों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और संरक्षण की प्रेरणा दी गई।वनमहोत्सव के इस आयोजन के माध्यम से न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया गया बल्कि भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने का संदेश भी दिया गया।



## रिसदा हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ छात्र संघ का गठन



**रिसदा ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रिसदा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना और विद्यालय की गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करना है। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने इस प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चुनाव के बाद, प्रभात बंजारे (कक्षा 12वीं) को छात्र संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों ने भी शपथ ली। वरिष्ठ शिक्षक अनिल बंजारे ने छात्र संघ कार्यकारिणी को शपथ दिलाई और उन्हें विद्यालयीन अनुशासन के दायरे में रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की सलाह दी।

छात्र संघ के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष कु. काजल मानिकपुरी (11वीं), सचिव चूड़ामणि मानिकपुरी (12वीं), सहसचिव पूर्वेंद्र वर्मा (11वीं), सांस्कृतिक सचिव कु. स्वाति यदु (12वीं), हेमंत भारती (11वीं), क्रीड़ा सचिव लक्की घृतलहरे (12वीं), जीवा यादव (11वीं), अनुशासन सचिव कु. उर्वशी यादव (12वीं) और कु. वर्षा वर्मा (11वीं) शामिल हैं।

## हरिहर विद्यालय कार्यक्रम के तहत वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





शासकीय प्राथमिक शाला मटियाडीह संकुल गनियारी विकासखंड तिल्दा जिला रायपुर में हरिहर विद्यालय के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई इस कार्यक्रम में संकुल गनियारी के समस्त विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए लगभग 551 वृक्ष वृक्षारोपण करने के उद्देश्य से समस्त ग्रामवासी मटियाडीह एवं ग्राम पंचायत गनियारी के विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव शंकर वर्मा, जनपद सदस्य तिल्दा विशेष सहयोग के रूप में माननीय आरीश जुनैद व एम .एस. खुर्शीद विशिष्ट अतिथि के रूप में नोडल प्राचार्य के. एल. टोप्पो सेजेस गलियारा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत गनियारी की सरपंच संतोषी राजेंद्र निर्मलकर के द्वारा हुआ एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणा वाणी की पूजन से हुई फिर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया गणमान्य जनों के स्वागत के तत्पश्चात बच्चों के द्वारा छोटे से वृक्षारोपण संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

## कृषि व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने किया कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त दल द्वारा लगातार कृषि सेवा केन्द्रों की छानबीन की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 9 केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण दल ने पाया कि कई केंद्रों पर स्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं किया जा रहा था और किसानों को बिल भी नहीं दिए जा रहे थे। पलारी, कसडोल और सिमगा विकासखंडों में हुई इस कार्रवाई में कई केंद्रों पर कालातीत दवाइयों को भी अनुचित तरीके से रखा गया था।

पलारी में भगत कृषि सेवा केंद्र संडी, कसडोल में आचार्य कृषि सेवा केंद्र, कुशवाहा कृषि सेवा केंद्र, जोगी कृषि केंद्र और गोपाल बीज भण्डार को नोटिस जारी किया गया। वहीं, सिमगा में वर्मा ट्रेडर्स मोहरा, वर्मा ट्रेडर्स हथबंद, देवांगन ट्रेडर्स और सौरभ कृषि केंद्र को भी नोटिस थमाया गया है।

### अनियमितताओं का विवरण

एसडीएम दीपक निकुंज और उर्वरक निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा ने भगत कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया, जहाँ स्रोत प्रमाण पत्र और बिल नहीं दिए जा रहे थे। कसडोल में एसडीएम रामतन दुबे और कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर ने कई केंद्रों पर कालातीत दवाइयों के अनुचित रखरखाव पर नोटिस जारी किया। इसी तरह, सिमगा में वर्मा ट्रेडर्स को उर्वरक वितरण की जानकारी न देने पर नोटिस दिया गया।

## आदिवासी संस्कृति को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है

# डीके महाविद्यालय में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स ने की।

अपने उद्बोधन में डॉ. जेम्स ने आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, उनकी परंपराओं और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति को बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसे आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने आदिवासी समाज के रीति-रिवाजों के बारे में सवाल पूछे, जिनका जवाब सहायक प्राध्यापक योगेंद्र कंवर ने दिया।

**आदिवासी संस्कृति की समस्याओं पर चर्चा:** कार्यक्रम में छात्रों को आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई गई और उन्हें विस्थापन, भाषा के विलुप्त होने और सांस्कृतिक पहचान के संकट जैसी समस्याओं से अवगत कराया गया। मोहन लाल वर्मा और योगेश पटेल सहित कई छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**सभी का किया गया आभार**

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जगाते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और समावेशिता के संकल्प के साथ किया गया। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी और रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल.एस. गजपाल ने सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय को बधाई दी।

## सशिमं में अध्ययन कक्ष व प्रसाधन निर्माण का किया भूमिपूजन



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत की बड़ी ग्राम पंचायत मेन रोड पर स्थित अर्जुनी में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन कक्ष एवं प्रसाधन निर्माण के लिए 8 अगस्त दिन शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। विधायक मद से उक्त निर्माण कार्य के लिए 7 लाख की स्वीकृत राशि प्रदान की गई है। सरपंच कविता भगेला ध्रुव के द्वारा पंचायत पदाधिकारियो की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच कविता भगेला ध्रुव, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, प्रेमचंद वर्मा, चित्ररेखा यदु, चंदरौतीन साहू, कन्हैया कटारे और पार्वती ध्रुव सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विद्यालय की ओर से प्राचार्य रमेश शर्मा, आचार्य पुरुषोत्तम वर्मा, श्रवण निषाद, किशोरी लाल और माखन साहू भी इस मौके पर मौजूद रहे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी घोषित




**भाटापारा।** भाटापारा प्रेस क्लब अध्यक्ष राजकुमार मल ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है जिसमे सरंक्षक मंडल मे नंदकिशोर शर्मा, संजीव तिवारी, संतोष अग्रवाल, गुरमीत सिंह गुम्बर के अलावा अध्यक्ष मल ने अपनी नई टीम में राजेश शर्मा एवं आयशा खान को उपाध्यक्ष बनाया। सचिव पद की जिम्मेदारी विनोद शर्मा को दी गई है। संयुक्त सचिव शत्रुघ्न साहू व वीरेंद्र उपाध्याय कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजकुमार मल ने कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सभी सदस्यों से आवश्यक मार्गदर्शन एवं नए पदाधिकारियों से यथासंभव सहयोग की अपेक्षा की है।

### विद्यार्थियों को वनों और वन्यजीवों की दी जानकारी



**बलौदाबाजार ।** बलौदाबाजार वनमण्डल के वन परिक्षेत्र अर्जुनी में गुरुवार क्रो जल-जंगल-यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल सोनाखान के विद्यार्थियों को वनों के महत्व, लघु वनोपज, औषधीय पौधों की जानकारी तथा जल संरक्षण हेतु नालों से निकले जल को स्टॉप डेम द्वारा एकत्र कर सिंचाई में उपयोग की तकनीक की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को वनों तथा वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को वन विभाग में करियर के अवसरों तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।सभी विद्यार्थियों को इस नई पहल जल-जंगल-यात्रा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य केआर पटेल, अमृत सिंह ठाकुर, डब्बू साहू, रूपेश्वरी दीवान, मीनाक्षी साहू एवं विभाग के सुरक्षा श्रमिकों की उपस्थिति रही।

### निधन

#### कुलेश्वर साहू



पलारी। ग्राम घिरघोल निवासी 55 वर्ष कुलेश्वर साहू का निधन हो गया है जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पुनाराम साहू के भाई ओम प्रकाश साहू पिता मुरली साहू के चाचा थे।

पर्व : रक्षाबंधन पर भी परिवार से दूर रहकर हमारी रक्षा करते हैं जवान: राशि त्रिवेदी

# एबीवीपी ने पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मनाया रक्षाबंधन, जवानों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

रक्षाबंधन का पर्व इस वर्ष भाटापारा में एक भावनात्मक रूप में मनाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की भाटापारा नगर इकाई ने पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बलों के साथ राखी बांधकर उनके प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय पुलिस थाना परिसर में हुआ, जहाँ एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, तिलक और राखी के साथ पुलिस अधिकारियों और जवानों का स्वागत किया। इस मौके पर एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राशि त्रिवेदी ने कहा, कि हमारे पुलिसकर्मी और सुरक्षा बल के जवान रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर भी अपने परिवार से दूर रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं। यह केवल उनका कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारे लिए उनका बलिदान है। उन्होंने कहा कि यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम इस पवित्र पर्व को उन भाई-समान रक्षकों के साथ मनाएं।

### सुरक्षा के प्रहरियों का हुआ सम्मान

एबीवीपी की नगर मंत्री लक्ष्मी मानिकपुरी ने सभी पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी हमारे नगर की शांति और सुरक्षा के प्रहरी हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व उनके प्रति कृतज्ञता का एक छोटा सा प्रतीक है। यह बंधन केवल धागे का नहीं, बल्कि विश्वास, आदर और भाईचारे का है, जो हमेशा कायम रहेगा।

### कार्यकर्ताओं ने दिया संदेश

इस कार्यक्रम के माध्यम से एबीवीपी भाटापारा नगर इकाई ने यह संदेश दिया कि रक्षाबंधन का पर्व केवल रक्त-संबंधों का नहीं, बल्कि उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है जो हमारी रक्षा करते हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा, कनिका मिश्रा, निशा मानिकपुरी, भारती नारंग, रोशनी सोनी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने बाद में राखी मिलन समारोह भी आयोजित किया।



## गबौद में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन



**संडी बंगला ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गबौद में आज रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने अपने-अपने कक्षाओं को सुंदर सजाया। कक्षा पहली से आठवीं तक की बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा, मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र व खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों की आजीवन रक्षा करने का संकल्प लिया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राय ने विद्यालय प्रांगण में छात्रों के साथ मां के नाम से पौधारोपण किया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख अशोक साहू व सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पालकगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सामूहिक रक्षाबंधन पर्व का आयोजन

**बगबुड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट में आज सामूहिक रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रोंओ ने अपने स्वयं के हाथों से बनाई सुंदर सुंदर राखियो को अपने भाइयों को कलाई पर बांधा और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया । एक दिन पहले ही शाला में शिक्षकों के मार्गदर्शन में राखी बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक कला का उपयोग करते हुए सुंदर सुंदर राखी बनाई। शाला के शिक्षकों द्वारा पर्व के महत्व और भाई बहन के अटूट विश्वास प्रेम के प्रतीक राखी पर्व की जानकारी से बच्चों को अवगत कराया। दोनों दिन के आयोजन में शाला के प्रधान पाठक भूमिता कुर्रे शिक्षक सुनीता साहू, कान्हा साहू अतिथि शिक्षिका चांद सायतोड़े, संतोषी भारती ने अपनी सक्रिय सहभागिता देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



### छात्राओं ने पुलिसकर्मियों के लिए भेजी राखी



**हथबंद।** ग्राम पंचायत नवापारा के छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष पहल की। प्राचार्य एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं राखी लेकर पहुंचे हथबंद थाना। वहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तिलक लगाया और राखी देकर छात्राओं और अपनी सुरक्षा का आश्वासन लिया। विद्यालय के प्राचार्य गणेश कुमार घृतकर ने कहा कि पुलिस हमारे लिए सुरक्षा कवच है। उनके बिना हम पल भर भी शांति से नहीं रह सकते। इस प्रयास को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक महेश कुमार शुक्ला, ठाकुर राम साहू, उत्तम कुमार साहू, अध्यापिका सुषमा वर्मा, ज्योति साहू, ललिता वर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर यह भी उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के कर्मचारी त्योहारों पर भी अपने कर्तव्य पर तैनात रहते हैं।

## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



**हिरमी रावन।** ज्ञानोदय शिशु मंदिर, हिरमी रावन में सोमवार को रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधी। छात्रों ने भी उन्हें बहन मानते हुए उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया और उपहार भेंट किए।

कार्यक्रम के दौरान, कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए एक राखी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां बनाकर अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता के बारे में बताया और कहा कि यह पर्व समाज में आपसी प्रेम और सद्भावना बनाए रखने का संदेश देता है।

ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में भी यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया गया। शिक्षिका शैल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर मनाया जाने वाला त्योहार है। यह भाई-बहन के रिश्ते में आपसी विश्वास और स्नेह को मजबूत करता है। उन्होंने सभी से इस पर्व को मिल-जुलकर मनाने का आग्रह किया ताकि समाज में एकता और भाईचारे की भावना बनी रहे।

इस अवसर पर प्राचार्य पीआर वर्मा, दिलेश्वर मढ़रिया, अजय निर्मलकर, जागेश्वरी वर्मा, रोशनी वर्मा, बिंदुरानी वर्मा, विजयलक्ष्मी, पूर्णिमा साहू सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम में एक सौहार्दपूर्ण और उत्साह का माहौल रहा, और विद्यालय परिवार ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

## रक्षाबंधन पर आकर्षक राखियों से सजीं दुकानें



**अर्जुनी ।** भाई-बहन के पवित्र बंधन का पर्व रक्षाबंधन आज शनिवार को मनाया जाएगा, जिसे लेकर बाजार में रौनक देखी जा रही है। शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी राखी की अस्थाई दुकानें सज गई हैं। रंग-बिरंगी राखियों से बाजार गुलजार है और शुक्रवार को खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

मुख्य बाजार और मेन रोड पर ठेलों और फुटपाथ पर विभिन्न प्रकार की राखियां सजी हैं। इन दुकानों में पांच रुपये से लेकर दो सौ रुपये और उससे भी अधिक कीमत की राखियां उपलब्ध हैं। आभूषण विक्रेताओं के पास भी नई-नई डिजाइन में चांदी की आकर्षक राखियां मौजूद हैं, जो लोगों को लुभा रही हैं।

**मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर भी भीड़:** रक्षाबंधन के त्यौहार के चलते मिठाई की दुकानों पर भी खूब भीड़ है। इसके अलावा, बच्चों के रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। मेहंदी और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाएं और युवतियां लगी हुई हैं। नारियल सहित अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदारी के लिए भी परचून की दुकानों पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पहुँच रहे हैं।

**दूर बैठे भाइयों के लिए भेजी गई राखियां:** नगर में अधिकांश राखियों की अस्थाई दुकानें दस दिन पहले ही सज गई थीं। उस समय उन्हीं महिलाओं द्वारा राखियों की खरीदारी की गई थी, जिन्हें अपने दूर बैठे भाइयों को डाक द्वारा भेजनी थी। हालांकि, अब राखी का दिन नजदीक आते ही हर वर्ग के लिए उपलब्ध राखियों की वैरायटी ने बाजार में ग्राहकी को बहुत तेज कर दिया है।

## रंग-बिरंगी राखियों से गुलजार हुआ लवन का बाजार

**लवन।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के त्यौहार रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले लवन नगर सहित आसपास के गाँवों के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर पारंपरिक राखियों के साथ-साथ कई नई और आकर्षक राखियां भी उपलब्ध थीं।

रक्षाबंधन पर्व का जहाँ बहनों को बेसब्री से इंतज़ार रहता है, वहीं भाई भी हर हाल में अपनी बहन के पास पहुँचकर अपने प्रेम और विश्वास का रिश्ता निभाते हैं। इस बार भी बहनों ने कई दिन पहले से ही खरीदारी शुरू कर दी थी और दूर रहने वाले भाइयों को राखियां पोस्ट कर दीं थीं। शुक्रवार को बाजारों में भीड़ और बढ़ने की संभावना से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं।इस साल बाजार में बच्चों को लुभाने के लिए डोरेमोन और अन्य कार्टून किरदारों वाली राखियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा, लाइट जलने वाली राखियां भी बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। वहीं, बड़ों के लिए 'जय श्री राम', 'हरे कृष्णा' और 'शुभ लाभ' लिखी राखियां लोगों का मन मोह रही हैं। एक दुकानदार ने बताया कि पिछली बार की तरह इस साल भी अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

बाजारों में पारंपरिक सूती राखियों के अलावा चांदी, मोतियों और डिजाइनर राखियों की भी भरमार है। ये राखियां महंगी होने के बावजूद लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। यह उत्साह सिर्फ लवन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के सभी ग्रामीण बाजारों में भी रक्षाबंधन की धूम देखने को मिल रही है।



### छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को बांधी राखी और दिया परंपरा और संस्कार का संदेश

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में रक्षाबंधन का पर्व परंपरा, स्नेह और उत्साह के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और प्रेम को व्यक्त करते हुए स्वयं के हाथों से सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं। रंग-बिरंगे धागों और सजावटी सामग्री से बनी ये राखियां केवल धागे नहीं थीं, बल्कि उनमें बच्चों का स्नेह, सम्मान और संस्कार पिरोए हुए थे। राखियां तैयार करने के बाद बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षकों को मंच पर बुलाकर प्रेमपूर्वक राखी बांधी और उनके लंबे जीवन, अच्छे स्वास्थ्य व खुशहाली की कामना की। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। पूरे विद्यालय में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और भारतीय संस्कृति की महक से भरा एक भावुक माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा तथा शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे और भारती तांती उपस्थित रहे। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उन्हें भारतीय परंपराओं और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं।



## सशिमं में छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी

**अर्जुनी।** सावन पूर्णिमा के दिन 9 अगस्त को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन अति उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे आशीर्वाद लेगी। इसी कड़ी को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में 8 अगस्त को रक्षाबंधन के एक दिन पहले का विद्यालय परिसर में भाई-बहन का स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के बहनों ने अपनी-अपनी कक्षा के सहपाठी भैया को तिलक लगाकर उनकी कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामना की साथ ही विद्यालय के आचार्यों को भी रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश शर्मा, आचार्य पुरुषोत्तम वर्मा, रिपुसुदन श्रीवास, श्रवण निषाद, किशोरी लाल, चैनसिंह, वीरेंद्र वर्मा, माखन साहू, बसंत वर्मा, भारत बंजारे, सहित विद्यालय की दीदीया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





